तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर, 2025



12 विकास की नई उड़ान, मिली 5.50 करोड़ की सौगात





12 गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं व वाणी की दी जानकारी




## खबर संक्षेप

### ठेकेदार ने यूरिया के 219 कट्टे गायब किए

**समालखा।** समालखा हैफेड के तहत आने वाले गांव मांडी स्थित पैक्स में यूरिया खाद वितरण में बड़ी अनियमितता सामने आई है। किसानों के लिए भेजे गए 500 कट्टे यूरिया में से केवल 281 कट्टे ही पैक्स तक पहुंचे। पैक्स सचिव जगत सिंह ने गांव की आवश्यकता के मद्देनजर हैफेड समालखा को 500 कट्टे यूरिया भेजने के लिए पत्र लिखा था। हैफेड अधिकारियों ने 2 नवंबर को 500 कट्टे यूरिया की रसीद काटकर ठेकेदार के ट्रक में खाद लोड करवाकर भेजा। मांडी पैक्स में जब ट्रक से यूरिया उतारा गया, तो गिनती में केवल 281 कट्टे पाए गए। पैक्स सचिव ने तुरंत ठेकेदार से संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि ठेकेदार ने शेष यूरिया कट्टे निजी दुकानों पर उतार दिए।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी से मंहगे दामों पर जमीन बिकवाने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी नवाब सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले के सम्बन्ध में आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि परिवादी विजय कुमार शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मार्च 2025 से 11 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपी नवाब सिंह व अन्य ने धोखाधड़ी से किसी और व्यक्ति की भूमि दिखाकर उस भूमि को आगे मंहगे दामों पर बिकवाने के नाम से मेरे से एक बड़ी रकम हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दिल्ली विस्फोट के बाद करनाल में हाई अलर्ट

**करनाल।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए एक विस्फोट के बाद, पूरे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। इसी क्रम में, हरियाणा के करनाल जिले में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। करनाल पुलिस ने जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से कड़ा कर दिया है और मंगलवार से ही सघन सुरक्षा जाँच शुरू कर दी है। करनाल पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय और अंतर-जिला सीमाओं पर कड़ी निगरानी के आदेश दिए हैं।शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर पुलिसकर्मी आने-जाने वाले वाहनों की गहन जाँच कर रहे हैं।

# हॉकी एस्ट्रोटर्फ के साथ फोरलेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का होगा निर्माण : नायब

### सीएम सैनी की बड़ागढ़ खेल स्टेडियम को 16.71 करोड़ की सौगात

*मुख्यमंत्री बोले, जब युवा खेल के मैदान में दौड़ते हैं तो करते हैं राष्ट्र का निर्माण, खेल शक्ति से मिलती है सकारात्मक दिशा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

- सैनी गांव बड़ागढ़ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल ही वह शक्ति है जो युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देती है। जब युवा मैदान में दौड़ता हैं तो वह नशे से दूर रहते हुए, अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गांव बड़ागढ़ में हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप -2025 के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस स्टेडियम में 16 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से बनने वाले हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और फोरलेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अक्टूबर में आयोजित यूथ एशियन गेम्स में रजत पदक जीतने वाली बॉक्सर हरनूर कौर को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि मैदान में जो खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देता है वही जीवन में भी सदैव सबसे आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री की इस बात को अपने जीवन में लागू करके दिखाया है। हमारी धरती सदियों से वीरों, खिलाड़ियों और कर्मयोगियों की भूमि रही है। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल या राष्ट्रीय चैंपियनशिप, हर जगह हरियाणा के बेटे-बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। इसके लिए प्रदेश के खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ागढ़ की इस पवित्र धरती पर आकर मुझे बड़े उत्साह और उमंग का अनुभव हो रहा है। हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप -2025 में प्रदेश के 4 हजार से अधिक ऊर्जावान युवाओं का दल शामिल है। जहां तक नजर डालो, वहां हर चेहरा उमंग से दमक रहा है। हर दिल में एक ही संकल्प धडक़ रहा है कि जो मैदान में उतरेंगे तो जीतकर ही लौटेंगे। मैदान में गूंजे युवा पुकार, जीत का रखो सदा विचार, हार से सीखो हिम्मत न हारो, नई उड़ान भरो सपनों को संवारों। इस चैंपियनशिप से खिलाड़ी अपने खेल स्तर को और अधिक उंचा उठाने में सफल रहेंगे। यह चैंपियनशिप ऐसे समय में हो रही है जब हम गत नौंवी पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी वर्ष मना रहे हैं।



शहजादपुर। इंटरनेशनल गेम में पदक विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते सीएम।

#### हॉकी की नर्सरी कहलाएगा यह स्टेडियम

*मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहबाद में स्थित हॉकी एकादमी में बने एस्ट्रोटर्फ मैदान से रानी रामपाल व सविता पूनिया जैसी खिलाड़ियों ने देश का नेतृत्व किया है। उसी प्रकार यहां से भी निकलने वाले खिलाड़ी देश-विदेश में नाम कमाएंगे। यह स्टेडियम भी शाहबाद की तरह हॉकी की नर्सरी कहलाएगा। इस फोर लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण से एथलेटिक्स जैसे मूलभूत खेलों को भी नई दिशा मिलेगी। हर खेल की शुरुआत दौड़ से होती है, और जब दौड़ की शुरुआत आधुनिक ट्रैक से होगी, तो उसके परिणाम भी विश्वस्तरीय होंगे। सैनी ने कहा कि सरकार ने खेल सुविधाएं पूरे राज्य में विकसित करने का बीड़ा उठाया हुआ है।*

## अत्याधुनिक खेल सुविधाएं मिलेंगी



शहजादपुर। पहले मैच में दम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**शहजादपुर।** आधुनिक खेल परिसर बड़ागढ़ में हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और 4 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य पर अनुमानित लगभग 1671.61 लाख रूपए की राशि खर्च होगी। हॉकी एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड, फल्ड लाईट के साथ एफआईएच अनुमोदित, 4 लेन सिंथेटिक ट्रेक, 315 केवीए सब स्टेशन और डीजी सैट, आरओ युक्त वॉटर कूलर तथा सौलर पांवर प्लांट लगाए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर कार्यक्रम में खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क, महानिदेशक संजीव वर्मा, हरियाणा पशु धन विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, एसीयूटी राहुल कंवरिया, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम शिवजीत भारती, संदीप सैनी , जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्मचंद गोल्डी, नंबरदार सुरेश पाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन नरेंद्र राणा , मंडल प्रधान जगदीप कौर, हरजिंदर पाल, धर्मवीर गुर्जर, विक्रम राणा, चेयरमैन जसमेर राणा, अश्वनी अग्रवाल, रणधीर सिंह भूरेवाला, राकेश बिंदल, रमेश पाल नोहनी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज से शुरू हुई यह हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप13 नवंबर तक आयोजित होगी जिसमें प्रदेश के लगभग 4 हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खेलों को बढावा देने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

#### 13 तक होंगी प्रतियोगिताएं

हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2025 (पुरुष - महिला) वॉलीबॉल, हैंडबॉल, स्विमिंग, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 11 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित होंगी। ये प्रतियोगिताएं अंबाला छावनी, पंचकूला तथा मॉडर्न स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बड़ागढ़ में आयोजित होंगी।

## नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने पर बंद फैक्ट्री समेत पांच संपत्तियां की सील

- एक ने मौके पर टैक्स जमा कर सील होने से बचाई अपनी संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। दस दिन पहले जहां निगम ने एक कॉलेज समेत 13 संपत्तियां सील की थी। वहीं, अब चांदपुर स्थित एक बंद फैक्ट्री समेत पांच व्यावसायिक संपत्तियों को सील किया है। इन संपत्तियों के मालिकों पर निगम का 14 लाख 6 हजार 316 रुपये संपत्ति कर बकाया है। चांदपुर में एक संपत्ति मालिक ने संपत्ति सील होने से पहले मौके पर ही टैक्स जमा करवा दिया।

#### निगमायुक्त महाबीर के निर्देशों पर कार्रवाई



निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर यमुनानगर जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया व जितेंद्र मल्होत्रा की टीम ने सबसे पहले चांदपुर में प्रोडक्ट फैक्ट्री को सील किया। अब यह फैक्टरी बंद हो चुकी है। इस संपति पर नगर निगम का कुल 3 लाख 93 हजार 563 प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। यहीं पर टीम ने दुकान को सील करना शुरु किया तो मौके पर संपत्ति कर जमा करवा दिया। टीम ने जैन कॉलोनी स्थित एक दुकान को सील किया। इस पर निगम का एक लाख 73 हजार 787 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगम की टीम ने विश्वकर्मा चौक पर दो दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर एक पर एक लाख 70 हजार 908 रुपये और दूसरी पर 2 लाख 13 हजार रुपये संपत्ति कर बकाया है। इसके बाद निगम की टीम मॉडल टाउन वेयरहाउस के पास पहुंची। यहां निगम की टीम ने एक दुकान को सील कर दिया। इस दुकान पर निगम का 4 लाख 55 हजार 58 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। इन सभी बकायेदारों पर निगम का 14 लाख 6 हजार 316 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

## अंतरराष्ट्रीय ईरानी गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

- देशभर में 105 से ज्यादा सोना, हीरे चोरी व ठगने की वारदातें कबूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस द्वारा ऑप्रेशन ट्रैक डाउन'' के तहत चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अबाला शहर क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आंध्रप्रदेश के आरोपी मोहम्मद खान व मुख्य सरगना गुलाम अब्बास उर्फ रिहाना रजवी वासी घाटकोपर पश्चिम मुंबई को गिरफ्तार किया है। जांच टीम ने आरोपी मोहम्मद खान को 2 दिन व मुख्य सरगना गुलाम अब्बास का 10 दिन के रिमांड पर लिया है। दरअसल 10 नवंबर 2025 को सीआईए-1 ने आरोपी अकबर मियां शेख पश्चिम मुंबई व आरोपी असदुल्ला खान उर्फ कालिया निवासी झोपड़ पट्टी ठाणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों को पुलिस ने एक दिन क रिमांड पर लिया था। आरापियों से 4 मोबाइल फोन, 4 सिम व वारदात में प्रयुक्त दो एक्टिवा बरामद की गई है। यह ईरानी गैंग ठग ऑफ हिंदुस्तान किस्म का गैंग है जो देश के सभी राज्यों में योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी करके सोना/हीरे चोरी करने जैसी वारदातों को अंजाम देता है। आरोपियों के खिलाफ अन्य राज्यों में भी चोरी व धोखाधड़ी के लगभग 105 मुकदमें दर्ज हैं। रेलवे रोड वासी समर्थ जैन ने 3 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि पदमावती ज्वेलर्स से आरोपियों ने 150 ग्राम सोना हेराफेरा से चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।




अंबाला। पकड़े गए ईरानी गैंग के सदस्य।

#### प्लेन व शताब्दी ट्रेन में करते थे सफर

वारदातों को अंजाम देने के लिए यह गिरोह कर्नाटक बिदर, कल्याण, हैदाराबाद, तेलंगाना, पंजाब व मुंबई से चोरी की हुई एक्टिवा को रेलवे पार्सल द्वारा व कुछ जगह वारदात के लिए एक्टिवा उपलब्ध करवाते हैं। कुछ सदस्य रेलवे व हवाई जहाज के माध्यम से सभी राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर जाकर वारदातों को अंजाम देते है ।

## डीसी ने किसानों के धरनास्थल पर पहुंचकर की किसानों से बातचीत



**रादौर।** अंबाला शामली नेशनल हाइवे पर रास्ते की मांग को लेकर गांव पोटली में चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन स्थल पर मंगलवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता अन्य अधिकारियों के साथ किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों से रास्ते को लेकर बातचीत की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने गांव पोटली के दोनों रास्तों का मुआयना किया और एसडीएम और एनएचएआई के अधिकारियों को संबंधित मुद्दे पर यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों-ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि उपयुक्त समन्वय का मार्ग निकाल कर समुचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास से भी सहयोग की अपील की और क्षेत्र के विकास में सड़क निर्माण कार्य को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। सड़क से जहां आवागमन सरल एव तेज होता है। वहीं आस-पास के इलाके के लिए नए रोजगार के अवसर भी खोलता है। इस मौके पर एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डा. मनोज कुमार, बीडीपीओ सिमरन, तहसीलदार अशोक कुमार, एनएचएआई के उप प्रबंधक तकनीकी, विशाल केसरवानी, एसडीओ विक्रम सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक डांगी, सुभाष, अरविंद काम्बोज, साहिल सेतियाए, यादविंदर काम्बोज, दीप राणा, रविन्द्र पाल, रमेश ढिल्लो, निरंजन सिंह, धर्मबीर काम्बोज, महेन्द्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### मंत्री के आवास का घेराव करेंगे एलसीएलओ

**जींद।** जिला के सभी एलसीएलओ पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई। इसमें आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि अभी तक प्रदेश सरकार से कई बार वार्ता हो चुकी है। तीन बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, छह बार मुख्यमंत्री के ओएसडी व कई वरिष्ठ अधिकारियों से बात हो चुकी है लेकिन एलसीएलओ कर्मचारियों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। जिले के सैकड़ों एलसीएलओ कर्मचारी नरवाना में मंत्री कृष्ण बेदी के आवास का घेराव करेंगे।

## कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति व बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से बाइक पर चंडीगढ़ जा रहे थे

शहर के बाईपास पुल के पास मंगलवार सुबह कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपत्ति व उनकी चार वर्षीय बेटी घायल हो गई। घायलों का इलाज शहर के सिविल अस्पताल में चल रहा है। घायल दंपत्ति अपनी बेटी के साथ उत्तर प्रदेश के सरसावा से चंडीगढ़ जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सरसावा निवासी मंगेश ने बताया कि वह चंडीगढ़ में काम करता है। मंगलवार को वह अपनी पत्नी अंजली व चार वर्षीय बेटी रूद्राक्षी के साथ बाइक पर चंडीगढ़ जा रहा था। जब वह यमुनानगर के बाइपास पुल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह तीनों घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।उसने बताया कि हादसे में उसकी टांग में फ्रेक्चर आया है और पत्नी की टांग पर चोट आने से टांके लगाने पड़े। उसकी बच्ची के माथे पर भी चोट आई है।

### शुभम हत्याकांड के पांच महीने बाद भी न्याय के लिए सड़क पर परिवार

# करनाल में प्रदर्शन, पुलिस की जांच पर उठे सवाल

- पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

29 जून को चोरा खालसा गांव में 16 वर्षीय शुभम हत्याकांड के पांच महीने बाद भी न्याय न मिलने से हताश मृतक की मां बाली देवी और ग्रामीण सड़कों पर उतर आए हैं। मंगलवार को उन्होंने कर्ण पार्क में प्रदर्शन किया, जिसके दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोंकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस मामले की जाँच में लापरवाही कर रही है और सबूतों से छेड़छाड़ की गई है। बता दें कि 29 जून की रात 16 वर्षीय शुभम दूध लेने के लिए गांव की डेयरी गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। देर रात गांव के लोगों ने उसकी माँ बाली देवी को सूचना दी कि शुभम एक सुनसान गली में मृत पड़ा है। बाली देवी जब मौके पर पहुंचीं तो उन्होंने देखा कि उनके बेटे के गले पर चोट के निशान थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि शुभम की गला दबाकर हत्या की गई थी। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि शुभम के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे और संभवतः पांच से छह लोगों ने मिलकर उसकी हत्या की थी। शुभम की माँ बाली देवी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के इतने महीने बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उनका आरोप है कि पुलिस ने जाँच में लापरवाही की है, यहां तक कि मामले के सीसीटीवी फुटेज को भी खराब कर दिया और उन पर दबाव बनाने की कोशिश की। बाली देवी का कहना है कि उन्हें अपने बेटे के कातिलों की पहचान पता है, लेकिन पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया।





मृतक शुभम का फाइल फोटो।

#### पुलिस का कहना है

*डीएसपी असंध गोरखपाल राणा ने कहा कि चीरा गांव में एक बच्चे की मौत हुई थी जिसकी जाँच चल रही है। उन्होंने बताया कि अभी जाँच अधिकारी 'लास्ट प्वाइंट' तक नहीं पहुंच पाए हैं। मामले में नारकोटिक्स और फॉरेंसिक टेस्ट बाकी हैं, जिनकी तारीख तय हो चुकी है। जाँच पूरी होने के बाद सभी बातें साफ हो जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्ण पार्क में पुलिस बल इसलिए लगाया गया था, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।*

## ट्रक की टक्कर से मां की मौत, बेटा व नानी घायल



**रादौर।** रादौर के एसके मार्ग पर अनाज मंडी के नजदीक ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार मां की मौत हो गई और बेटा व नानी गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गगनपुर निवासी राहुल शाम के वक्त मोटरसाइकिल पर अपनी मां ममता देवी(40) व नानी जसमेरो देवी को लेकर एमटी करेहड़ा जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रादौर के एसके मार्ग पर अनाजमंडी के नजदीक पीछे से तेजगति से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राहुल, उसकी मां और नानी मोटरसाइकिल से उछलकर नीचे जा गिरे। राहुल और उसकी नानी एक तरफ गिर गई और उसकी मां ममता देवी ट्रक के टायर की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप

### हिंद की चादर मैराथन ने बढ़ाया सिख समाज का मान



करनाल।। भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिलोचन सिंह ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित 'हिंद की चादर मैराथन' की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए हरियाणा सरकार और केंद्रीय मंत्री मनोजहर लाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिख समाज के सम्मान को नई ऊंचाई दी है। मैराथन में हजारों लोगों ने भाग लेकर गुरु जी की शिक्षाओं और भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर में विधायक जगमोहन आनंद, रामकुमार कश्यप, योगेंद्र राणा, भगवान दास कबीरपंथी, मेयर रेणु बाला गुप्ता आदि रहे।

### रबी सीजन को लेकर किसान संगोष्ठी आयोजित

**करनाल।** किसान वेलफेयर क्लब की ओर से मंगलवार को डीडीए कार्यालय में किसान विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता ईलम सिंह गोरसी ने की, जबकि संचालन क्लब के महासचिव विजय कपूर ने किया। मुख्य तकनीकी सलाहकार धर्मवीर सतीजा ने चावल के निर्यात में गिरावट, डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता और गेहूं बीजों की नई किस्मों पर जानकारी दी। बायर क्रॉपसायंस के विशेषज्ञ डा. नीरज तोमर, विजय मलिक व सूरजभान मलिक ने खरपतवार नाशक मटेनो मोर व मोमी जी के प्रयोग की जानकारी दी। बागवानी विशेषज्ञ डा. प्रमोद कुमार मेहता ने इस मौसम में लगने वाले फलों के पौधों व आलू बीज की किस्मों पर चर्चा की।

### दिल्ली ब्लास्ट के बाद हरियाणा पुलिस अलर्ट

**तरावड़ी।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद हरियाणा पुलिस को अलर्ट मोड पर ला दिया गया है। इसी कड़ी में तरावड़ी थाना प्रभारी राजपाल के नेतृत्व में दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर नीलोखेड़ी और तरावड़ी के बीच पुलिस प्रशासन ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। डायल 112 पुलिस और थाना स्टाफ ने मिलकर वाहनों की जांच की और आने-जाने वाले वाहन चालकों से पूछताछ भी की। मौके पर थाना प्रभारी राजपाल स्वयं मौजूद रहे और पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चेकिंग के दौरान हर वाहन का नंबर नोट किया गया और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस प्रशासन ने बताया कि यह अभियान सुरक्षा की दृष्टि से एहतियातन चलाया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से पहले ही निपटा जा सके।

### बुद्धा कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

**करनाल।** बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह व श्रद्धा से मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के रूप में प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा मौलाना आज़ाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में भाषण, संस्कृत श्लोक और कविता प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य डॉ. रिजवान ने छात्रों से आग्रह किया कि वे शिक्षा को परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन न मानें, बल्कि ज्ञान प्राप्ति और समाज सेवा का उद्देश्य समझें। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ घरौंडा ब्लॉक की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित

# पेंशन संबंधित वित्त विधेयक 2025 को तुरंत वापस लिया जाए : योगेंद्र शर्मा

- *नरेश राणा ने राष्ट्रीय सम्मेलन में सहयोग करने भरोसा दिया*
- *17 दिसंबर को देशभर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा*

योगेंद्र शर्मा व सतनाम सिंह ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार, देश के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम व मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारियों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 22-23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक घरौंडा इकाई की बैठक मंगलवार को हर्बल पार्क घरौंडा में खंड प्रधान योगेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव ओम दत्त ने किया। इस मौके पर बलराज सिंह, मनोहर लाल, सुल्तान सिंह कोहंड, रोशन लाल गुप्ता, महाबीर सिंह व नरेश कुमार राणा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभा में सतनाम सिंह ने संगठन के सामाजिक सरोकारों पर उपयोगी सुझाव दिए, जबकि नरेश कुमार राणा ने राष्ट्रीय सम्मेलन में तन, मन, धन से सहयोग करने का समर्थन किया। योगेंद्र शर्मा व सतनाम सिंह ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार, देश के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम व मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारियों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 22-23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी आंदोलन के तहत 17 दिसंबर को देशभर में धरना-प्रदर्शन कर राज्यपालों के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। बैठक में जोगीराम, जोत सिंह संधू व ईषम सिंह ने सदस्यता बढ़ाने और पेंडिंग कार्यों को लिखित रूप में उठाने की रणनीति पर चर्चा की।




**करनाल।** बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी।



**करनाल।** धरने में भाग लेते रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

सभा में सतनाम सिंह ने संगठन के सामाजिक सरोकारों पर उपयोगी सुझाव दिए, जबकि नरेश कुमार राणा ने राष्ट्रीय सम्मेलन में तन, मन, धन से सहयोग करने का समर्थन किया। आगामी आंदोलन के तहत 17 दिसंबर को देशभर में धरना-प्रदर्शन कर राज्यपालों के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगेइस अवसर पर ईश्वर सिंह धीमान, चंद्रभान, तेजबीर सिंह, रामकुमार, राजपाल, राजबीर सिंह, सतनाम सिंह, बलजीत सिंह, प्रवीण राणा, राजेंद्र सिंह व जोगिंदर फोर आदि उपस्थित रहे।

### रोहतक पीजीआई के अनुबंध कर्मचारी धरने पर डटे

करनाल। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि हरियाणा सरकार की एचकेआरएन पॉलिसी 2021 लागू होने के बावजूद पीजीआईएमएस रोहतक के 1271 अनुबंध कर्मचारी अब तक पोर्टल से नहीं जोड़े गए हैं। महासचिव महेश और सचिन ने कहा कि इस मांग को लेकर कर्मचारी तीन अक्तूबर से जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठे हैं। महिला कर्मचारी भी दिन-रात सड़कों पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को रोहतक से पैदल मार्च शुरू हुआ था और 29 सितंबर की शाम करनाल पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों को जाट धर्मशाला में नजरबंद कर दिया गया, ताकि वे चंडीगढ़ न जा सकें। इस अवसर पर संजय, सुरेंद्र, मनोज, ईश्वंती, सुमन, परीक्षित, अशोक व मनीष आदि मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोज़र, तीन ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला नगर योजनाकार करनाल की टीम ने सोमवार को पुलिस बल के सहयोग से जिले में दो अवैध कॉलोनियों और एक अवैध निर्माण (ढाबा) के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ अभियान चलाया। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की उपस्थिति में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई कंट्रोल्ड एरिया निलोखेड़ी स्थित गांव समानां बाहू पेट्रोल पंप के पास बने एक अवैध ढाबे पर की गई, जिसे प्रशासन ने मौके पर ही ध्वस्त कर दिया। दूसरी कार्रवाई गांव पपलाना की सीमा के भीतर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर की गई, जिसका क्षेत्रफल करीब 0.5 एकड़ था। यहां बनी सभी डीपीसी और कच्ची सड़कों को तोड़कर समतल किया गया।तीसरी कार्रवाई अंजनथली रोड स्थित लगभग 3 एकड़ क्षेत्रफल में फैली दूसरी अवैध कॉलोनी पर हुई, जहां बनी सभी कच्ची सड़कों को हटाया गया। जिला नगर योजनाकार करनाल कार्यालय द्वारा जारी जानकारी में बताया गया कि विभाग द्वारा लगातार ऐसे अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इन अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्रवाई भी जारी है।

### विभाग ने की आम जनता से अपील

विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी या निर्माण में निवेश न करें, क्योंकि ऐसी कॉलोनियों का कोई वैधानिक दर्जा नहीं है। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी का निर्माण या विकास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला नगर योजनाकार ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी स्थिति में बढ़ावा नहीं दिया जाएगा और शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में वैध विकास को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

# एसएमएस स्कूल में कला एकीकरण पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्यालय में किया गया है कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक और सीबीएसई की स्रोत कुमारी किरण मिलेनियम वड्र्स स्कूल कैथल , श्रीमती ममता पांडेय प्रधानाचार्य डी.ए.वी पब्लिक स्कूल ने सरस्वती माता के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षकों के लिए कला एकीकरण की शिक्षा का परीक्षण कराना ताकि इससे यह पता चलता है कि शिक्षक पढ़ाई में कला का उपयोग कितनी प्रभावी तरह से कर पा रहे हैं। यह परीक्षण शिक्षकों को नई रचनात्मक विधियाँ अपनाने, बच्चों में रुचि जगाने और पढ़ाई को आनंदमय बनाने में मदद करता है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षकों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि कला एकीकरण शिक्षण की एक अत्यंत प्रभावी विधि है, जिससे विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, रुचि और समझ बढ़ती है। उनका विचार है कि शिक्षक यदि कला के माध्यम से विषयों को पढ़ाएँ, तो शिक्षा न केवल रोचक बनती है बल्कि बच्चे विषय को गहराई से समझते हैं। इस प्रकार का प्रशिक्षण शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ता है और विद्यालय के समग्र विकास में सहायक होता



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेते सभी स्कूलों के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# मुकेश धनिया ने चेन्नई में रचा इतिहास, एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

- अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के करीब 30 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

गांव हसनपुर निवासी और खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत मास्टर मुकेश धनिया ने चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित 23वीं एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर न केवल अपने गांव का, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है।


चेन्नई के नेहरू स्टेडियम में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के करीब 30 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुकेश धनिया ने 4×400 मीटर रिले दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार, स्कूल और पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल है। मास्टर मुकेश धनिया वर्तमान में मिडिल स्कूल, सदरपुर में कार्यरत हैं। वे कई वर्षों से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भाग लेते आ रहे हैं और हर बार मेडल जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

घरौंडा के राजीव गांधी खेल परिसर, बस्ताड़ा में बच्चों को विभिन्न खेलों की ट्रेनिंग देने वाले मुकेश धनिया की सफलता पर उनके कोच ऋषि ने कहा कि मुकेश ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।




### कोच ने मुकेश को बताया संघर्षशील

कोच ऋषि ने बताया कि मुकेश लगातार अभ्यास करते हैं और युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। गांव हसनपुर में जब यह खबर पहुंची, तो ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के सरपंच प्रतिनिधि जगबीर पूनिया सहित अनेक ग्रामीणों ने मास्टर मुकेश धनिया को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुकेश धनिया ने कहा कि यह मेडल केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि उनके कोच, परिवार और गांववासियों के सहयोग और आशीर्वाद का भी फल है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने की पूरी कोशिश करेंगे और क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते रहेंगे।



**इंद्री।** अनाज मंडी इंद्री में मीटिंग करते भाकियू नेता व किसान।

### भाकियू इंद्री अनाज मंडी में बैठक आयोजित

- किसानों की समस्याओं पर किया विचार विमर्श

इंद्री। भारतीय किसान यूनियन की मीटिंग नई अनाज मंडी में ईशम सिंह संधू की अध्यक्षता मे हुई । मीटिंग में मुख्य रूप से भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने शिरकत की । इस मौके पर उन्होंने किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि किसानों की मुख्य मांगे हैं कि फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिए जाएं, एमसपी की कानूनी गारंटी हो इससे नीचे किसानों की फसल ना खरीदी जाए, किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए , फसल बीमा योजना पारदर्शी बनाई जाए और फसल बीमा की पॉलिसी हर किसान को दी जाए, फसल की बिजाई को देखते हुए समय पर डीएपी यूरिया खाद की व्यवस्था की जाए, सरकार गन्ने की मिलों को जल्दी से जल्दी चालू करें और किसानों को बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाई जाए आदि मांगे हैं ।

# डीएलएसए ने सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक केंद्र में जागरूकता शिविर लगाया

- अ वरिष्ठ नागरिकों को बताए गए उनके अधिकार और मुफ्त कानूनी सहायता के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व डीएलएसए की सचिव डॉ. इरम हसन के मार्गदर्शन में मंगलवार को सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और मुफ्त विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को कानून के तहत मिलने वाले अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे किसी भी तरह के शोषण या उपेक्षा की स्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन ने बताया कि नेशनल लीगल सर्विसेज डे के उपलक्ष में 10 नवंबर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर कई विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों — विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, श्रमिकों और गरीब तबकों — को कानूनी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना है।



**करनाल।** जागरूकता शिविर में मौजूद वरिष्ठ नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*



इनेलो किसान प्रकोष्ठ बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### इनेलो किसान प्रकोष्ठ चलाएगा जनसंपर्क अभियान

- अकिसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूरा ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर किसानों को इनेलो की नीतियों से जोड़ा जाएगा। मानपूरा गांव में किसानों से बातचीत करते हुए मंजूरा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान आर्थिक रूप से कमजोर हुए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा 24 फसलों की एमएसपी खरीद का वादा पूरा नहीं किया गया। धान भी एमएसपी से कम दाम पर खरीदी गई, जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि बारिश से खराब फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया, जिससे किसान कर्ज के बोझ तले दब गए हैं। कार्यक्रम में मेहर सिंह, सुरेश मान, महेंद्र मान, चरण सिंह पाढ़ा, सतपाल शर्मा व नरेश रंग रूटी खेड़ा आदि उपस्थित रहे।

# श्री खाटू श्याम लखदातार चैरिटेबल ट्रस्ट ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी शहर में श्याम भक्तों के लिए एक खुशखबरी है। शहर के भगत सिंह चौक पर भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। इस संबंध में श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने ट्रस्ट के इस धार्मिक प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि श्याम प्रेमियों की आस्था को बरकरार रखते हुए तरावड़ी में जल्द ही एक भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। यह द्वार न केवल श्याम भक्तों की भावना का प्रतीक होगा बल्कि नगर की पहचान भी बनेगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा कर इस कार्य को प्राथमिकता से शुरू किया जाएगा।

### विधायक ने ट्रस्ट के कामों को सराहा

विधायक ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के सामाजिक और धार्मिक योगदान की भी सराहना की। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम लखदातार परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े सरंक्षक प्रमोद बंसल, अध्यक्ष विनीत बंसल, अशोक बंसल, नितेश मंगल एवं अंकुर गर्ग सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के संरक्षक प्रमोद बंसल ने कहा कि यह तोरण द्वार श्याम भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बनेगा और आने वाले श्रद्धालुओं को खाटू श्याम मंदिर की दिशा में मार्गदर्शन करेगा। विनित बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि शहर में श्याम नाम की महिमा और अधिक फैले और हर आने-जाने वाले को भगवान श्याम की याद आए। अशोक बंसल ने बताया कि तोरण द्वार का डिजाइन धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर तैयार करवाया जाऐगा।

## गेहूं उत्पादन का लक्ष्य 119 मिलियन टन तय : डॉ. रतन तिवारी

# किसानों से की 20 तक बुवाई करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

देशभर में गेहूं व जौ की बुवाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने बताया कि इस बार सरकार ने गेहूं की 119 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.5 मिलियन टन अधिक है। उन्होंने बताया कि गेहूं की बुवाई 22 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में की जाएगी।डॉ. तिवारी ने किसानों से अपील की कि वे 20 नवंबर तक गेहूं की बुवाई पूर्ण कर लें, ताकि फसल का उत्पादन बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गेहूं का उत्पादन 117.2 मिलियन टन दर्ज किया गया था। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे उच्च गुणवत्तायुक्त, रोग-प्रतिरोधी एवं अधिक उत्पादन देने वाली किस्में जैसे डीबीडब्ल्यू 372, डीबीडब्ल्यू 371, डीबीडब्ल्यू 370, डीबीडब्ल्यू 332, डीबीडब्ल्यू 327, डीबीडब्ल्यू 303, डीबीडब्ल्यू 187, डीबीडब्ल्यू 222, पीबीडब्ल्यू 826, पीबीडब्ल्यू 872, एचडी 3386, डब्ल्यूएच 1402 आदि का चयन करें। वहीं देरी से बुवाई के लिए जेकेडब्ल्यू 261, एचडी 3428, पीबीडब्ल्यू 771, तथा अधिक देरी से बुवाई के लिए एचडी 3298 उपयुक्त मानी गई है।



### खरपतवार नियंत्रण के लिए दिए सुझाव

खरपतवार नियंत्रण के लिए उन्होंने पाइरोक्सासल्फॉन (85% **WDG**) की 60 ग्राम मात्रा को 120–150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ के हिसाब से बीजाई के तीन दिन के भीतर छिड़काव करने की सलाह दी। पराली जलाने की घटनाएं नगण्य होने पर उन्होंने किसानों की सराहना की और कहा कि स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर या हैपी सीडर जैसी आधुनिक तकनीक से बुवाई करने पर उत्पादन में वृद्धि होती है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने ज्वेलर्स अजय पर कैंची से जानलेवा हमला करने के आरोपी वधावाराम कॉलोनी निवासी मित्रपाल उर्फ नितिन को सोमवार को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जहा से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपी मित्रपाल चेक बाउंस के अन्य मामले में जेल में बंद था।

### सीआईए थ्री पुलिस टीम ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रिसालू गांव में घर से मोबाइल, नगदी व ज्वेलरी चोरी करने के दो आरोपियों मंगल पुत्र सुरेश निवासी रिसालू व महेश पुत्र राम किशन निवासी संजय कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में रिसालू गांव निवासी रविंद्र पुत्र सतपाल की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपी मंगल पेशेवर अपराधी है और इस पर 14 केस दर्ज है।

### निर्धनों को खाद्य सामग्री दी

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति की ओर से निर्धन परिवार के सभी सदस्यों को खाने पीने का सामान वितरित किया गया। समिति की प्रधान कंचन सागर ने अन्न दान को महादान बताया। इस अवसर पर निशा गर्ग, ज्योत्सना गर्ग, लता और निशा गर्ग आदि उपस्थित रही।

### मृतकों व घायलों के लिए मुआवजे की मांग की

**पानीपत।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार बम धमाके में हुई दर्जन भर मौतें और तबाही की कायराना घटना की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल कड़े शब्दों में निन्दा करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप व जिला सचिव का.पवन सैनी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से मृतकों व घायलों के लिए मुआवजे की मांग की है।

### बागवानी फसलों की खेती के लिए मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** हरियाणा सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार द्वारा बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है।

### स्मृति यात्रा की तैयारी शुरू

**पानीपत।** गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में आयोजित होने वाली पवित्र यात्रा एवं हिंद की चादर नाट्य मंचन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और डॉ. पवलीन ने सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, सुरक्षा, स्वच्छता और समन्वय के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### विकास कार्यों को ग्रांट मंजूर की

**पानीपत।** इसराना ब्लॉक में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन डीडीपीओ राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। वहीं बैठक में 74 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसराना ब्लॉक में बीडीपीओ का पद पिछले 10 माह से खाली होने के कारण डीडीपीओ को यह अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि पंचायत समिति में चल रहे विकास कार्यों को जल्द करते हुए प्रत्येक गांव को मिलने वाली अनुदान राशि का वितरण समान रूप से किया जाए, ताकि सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास हो सके।

### बेटियों को मिलेगा सम्मान

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति राज्य स्तर पर बालिका दिवस पर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

---

*एसडी कॉलेज के पांच खिलाड़ियों का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग टूर्नामेंट में चयन*

# स्वयं से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम है योग

### विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर उन्हें बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की (महिला) योग टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज योग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, एसडी पीजी कॉलेज की महिला टीम में से प्रिया और रिया राणा का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग टूर्नामेंट के लिए हो गया है। जबकि कॉलेज की पुरुष टीम के तीन खिलाड़ियों अनिल, हरविंदर और निशांत का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग टूर्नामेंट के लिए हो गया है। अनिल, मनीष और निशांत अगले वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी हिस्सा लेंगे। इधर, कॉलेज पहुंचने पर एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो. सुशीला बेनीवाल, प्रो आनंद, प्रो रेखा, प्रो नीलम, कोच अंकुश मलिक, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर उन्हें बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इधर, कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल व प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि योग, मानव को को दीर्घ जीवन देता है। वहीं, योग, दिमाग व शरीर की एकता का प्रतीक, मनुष्य व प्रकृति के बीच का सामंजस्य, विचार, संयम व पूर्ति प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्तिगत चेतना और स्वयं की आत्मा से मिलने का सबसे बेहतर तरीका है। योग स्वयं से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम है।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

---

# साधु संतों के लिए गंगोत्री धाम राशन भेजा

### श्री राम चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया


**पानीपत।** संतों के लिए गंगोत्री राशन रवाना करते हुए संतजन आदि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कैलाशी सेवा समिति फांउडेशन द्वारा परम पूज्य संत श्री मुक्तानंद जी की प्रेरणा से उत्तरकाशी धराली व मुमुक्ष सेवा दंडी क्षेत्र गंगोत्री धाम में साधु संतों के लिए 65वां शीत कालीन भंडारा व संत राशन वितरण के लिए कैंटर रवाना किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि अयोध्या से संत कैलाशी गोपाल दास व प्रयागराज से श्री 1008 ब्रह्मऋषि दिव्यादास महाराज महात्यागी एवं विशिष्ठ अतिथि नरेश सिंगला, सुशील सिंगला, अशोक गोयल, राजेंद्र गुप्ता, कन्हैया लाल गुप्ता व श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के संरक्षक विनोद पांचाल ने श्री राम चौक से झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

## सशक्त समाज व श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करते है शिक्षा व संस्कार




*पानीपत। आर्य महाविद्यालय सभागार में मंगलवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने किया व उद्घाटन समारोह में प्रदेश भर से आए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे संस्कार ही सच्ची शिक्षा की पहचान हैं। शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के भीतर नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को भी प्रज्वलित करना चाहिए। जब शिक्षा संस्कारों से जुड़ती है, तभी एक सशक्त समाज और श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण होता है। दूसरी ओर, कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों ने हरियाणा की लोक धुनों पर झूमर, फाॅक और रागनी जैसी पारंपरिक नृत्य शैलियों से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, अतिथियों ने आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए पर्यावरण संरक्षण और हरियाणवी संस्कृति पर आधारित मॉडल व रंगोली की सराहना की।*

---



**पानीपत।** पानीपत में कार जांचते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

### पानीपत में पुलिस की सुरक्षा हाई अलर्ट पर

**पानीपत।** दिल्ली में हुई घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट किया गया है। जिले में सुरक्षा, कानून एवं व्यवस्था व शांति की दृष्टि से इंटर स्टेट सहित विभिन्न मार्गो पर नाकाबंदी कर गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया जा रहा है। कड़ी सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया सभी थाना प्रबंधकों को अपने अपने क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में गश्त व बढाने व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखनें के निर्देश दिए गए है। सभी थाना व क्राइम युनिट द्वारा बाजार, होटल, धर्मशालाओं, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गेस्ट हाउस इत्यादि को बारीकी से चेक किया जा रहा है। सभी को निर्देशित किया गया कि अगर कोई सदिंग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसपी सिंह आमजन से अपील की कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

---

# बाल विवाह के विरूद्ध 100 दिवसीय अभियान शुरू



**समालखा।** बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। वहीं, बाल विवाह मुक्त भारत नामक अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पानीपत जिले के राक्सेडा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया। इधर, प्रधानाचार्य सत्यनारायण व राक्सेडा के सरपंच रामधन ने कहा कि बाल विवाह जो बच्चों के विकास में बाधा है, ग्राम पंचायत इस पर पैनी नजर रखे हुए हैं तथा ग्राम पंचायत में ना तो बाल विवाह हुआ है तथा ना ही कभी होगा। एमडीडी ऑफ इंडिया से सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका, एमडीडी आफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक संजय कुमार ने भी बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अवसर पर जितेंद्र, राजबाला, प्रीति समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

---

# इनर व्हील क्लब ने लाडली जन्मोत्सव मनाया

*बेटियों ने सांस्कृतिक गीतों पर प्रस्तुतियां दी*

- क्लब के सदस्यों ने जन्मदिन वाली बेटियों के हाथों केक कटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत सेंट्रल व नवोदय क्रांति परिवार भारत की ओर से राजकीय मिडल स्कूल अजीजुलापुर में 11 बेटियों का जन्मदिन लाडली जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की प्रधान पूजा गोयल व सचिव रीति गर्ग, अंजू गेरा, मिनी काईला, स्वाति गोयल व एसएमसी की अध्यक्षा सविता ने अतिथि के रूप में शिरकत की। जिनका स्वागत विद्यालय के मौलिक मुख्य अध्यापक रामकरण व स्टाफ सदस्यों के द्वारा पौधे देकर किया गया। बेटियों ने सांस्कृतिक गीतों पर प्रस्तुतियां दी। क्लब के सदस्यों ने जन्मदिन वाली बेटियों के हाथों केक कटवाया व उनको प्रशस्ति पत्र, पौधे व उपहार देकर सम्मानित किया।



**पानीपत।** इनर व्हील क्लब व नवोदय क्रांति परिवार भारत, बेटियों का जन्मदिन मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अंजू गेरा, सुरेंद्र मलिक, अश्विनी, वीना रानी, मिनी काईला, स्वाति गोयल, रिद्धि गर्ग, दिव्यांश गोयल आदि उपस्थित रहे।

---

# हरियाणा हुडा सेक्टर कोंफेडरेशन ने दिया धरना

- बैठक में हुडा सेक्टरों में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव को लेकर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में हरियाणा स्टेट हुडा सेक्टर कोंफेडरेशन के पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। जिसमें सेक्टरों के आरडब्ल्यूए (आरडब्ल्यू) के 56 पदाधिकारियों ने भाग लिया। वहीं बैठक में हुडा सेक्टरों में सफाई व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई। इधर, संयोजक बलजीत सिंह ने बताया कि कई सेक्टरों में पिछले कई महीनों से सफाई नहीं हुई है। सीवरों में समस्या लोगों को देखनी पड़ रही है। नालियां जाम हैं और जलभराव से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई जगह स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिससे चोरी और असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी केवल कागजी कार्रवाई कर रहे हैं। सेक्टर कोन्फेडरेशन के सदस्यों ने कहा कि पिछले एक साल में 13 से अधिक ईओ बदले जा चुके हैं। किसी ने भी समस्याओं के समाधान पर ध्यान नहीं दिया। अधीक्षण अभियंता से लेकर जेई तक के स्तर पर लापरवाही बनी हुई है। ठेकेदार विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य कर रहे हैं। लोगों की शिकायतों को दबा दिया जाता है और काम अधूरा छोड़ दिया जाता है। जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे और मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक ले जाएंगे।


**पानीपत।** पानीपत हुडा ऑफिस पर धरने पर बैठे हरियाणा स्टेट हुडा सेक्टर कोंफेडरेशन के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### इन्होंने भाग लिया

आंदोलन में रणधीर सिंह, रामपत नैन, एसके त्यागी, दीनानाथ, सतीश गुप्ता, सूरजभान, ताराचंद्र शर्मा, हरीश भारद्वाज, मोहन शर्मा, गौरी दत्त, ओम प्रकाश, जसराम, जगबीर, डीएस मलिक, राजेंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया।

---

# कृषि विज्ञानियों की सलाह से प्रयोग हो कीटनाशक

- प्रतियोगिता में पारुल को प्रथम, पूजा एवं कशिश को द्वितीय और पायल एवं दीप्ति को तृतीय स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी कॉलेज में रसायन विभाग द्वारा पोस्टर प्रस्तुति गतिविधि का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को उर्वरकों एवं कीटनाशकों की रासायनिक संरचना, उपयोग, लाभ एवं पर्यावरणीय प्रभावों की वैज्ञानिक समझ प्रदान करना था। इस शैक्षणिक गतिविधि का सफल समन्वयन डॉ. वसुंधरा मदान द्वारा किया गया। वहीं, अन्नू ने सहायक के रूप में आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक व संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार ने कहा कि खेतों में खडी फसलों पर कीटनाशक का बेजा प्रयोग से फसलें जहरीली हो जाती है और इसका दुष्प्रभाव मानव की सेहत पर पडता है। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से किसानों से कृषि विज्ञानियों की सलाह से कीटनाशक का प्रयोग करने की अपील की है। दूसरी ओर, प्रतियोगिता में पारुल को प्रथम, पूजा एवं कशिश को द्वितीय और पायल एवं दीप्ति को तृतीय स्थान मिला।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थी बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# जीएसटी में परिवर्तन व रिफॉर्म पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को गाइड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा शाखा के प्रधान सीए सोनू गोयल की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें "वार्षिक रिटर्न (जीएसटी 9 एवं 9सी में हुए परिवर्तन तथा जीएसटी रिफॉर्म 2.0" विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सीए नव्या मलहोत्रा (सदस्य, एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई) मुख्य वक्ता ने जीएसटी कानून में हाल ही में हुए परिवर्तनों तथा आगामी सुधारों पर उपयोगी जानकारी साझा की गई, जिससे उपस्थित सदस्यों को व्यावहारिक लाभ प्राप्त हुआ।


**पानीपत।** आईसीएआई की पानीपत शाखा के पदाधिकारी दीप जला सेमिनार का शुभारंभ करते हुए।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**सुनील कुमार पुत्र श्री कश्मीरी लाल निवासी 275/13, गीता कालोनी, गली नं.4, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से सुचित किया जाता है कि कश्मीरी लाल पुत्र श्री गंगा राम निवासी 275/13 गीता कालोनी गली न. 4 तहसील व जिला पानीपत की मृत्यु 16-10-1972 को हो चुकी है व श्रीमति प्रकाश देवी पत्नी श्री कश्मीरी लाल 275/13 गीता कालोनी गली न 4 तहसील व जिला पानीपत की मृत्यु 17 अप्रैल 2025 को हो चुकी है। श्री सुनील कुमार पुत्र श्री कश्मीरी लाल निवासी 275/13 गीता कालोनी गली न. 4 तहसील व जिला पानीपत ने अपने पिता कश्मीरी लाल जी की मृत्यु के पश्चात स्वयं को व श्री अनिल कुमार 275/13 गीता कालोनी गली न 4 तहसील व जिला पानीपत, श्रीमति आशा रानी पुत्री श्री कश्मीरी लाल निवासी म.न. 1526 इदगाह कालोनी पानीपत एवं निशा मदान पुत्री श्री कश्मीरी लाल निवासी म.न. 1023/5 लायलपुर कालोनी मोहन नगर कुरूक्षेत्र को श्री कश्मीरी लाल के वारसान, उत्तराधिकारी होने का दावा पेश किया है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र व वारसान रिपोर्ट व शपथपत्र पेश किए हैं। अतः हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी के वारसान सम्बन्धी दावे बाबत किसी व्यक्ति को कोई शक, आपत्ति एवं एतराज हो तो वह स्वयं, प्रतिनिधि, या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उपरोक्त वारसान को मृतक श्री कश्मीरी लाल जी का वारिस घोषित कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 31-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1118 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

---

*27 नवंबर को भव्य रूप से मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम का होगा आयोजन*

# आस्था व श्रद्धा से बनता है मंदिर: मुनि निशचिंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 निशचिंत सागर महाराज के अपने आशीष वचनों में कहा कि यह पानीपत जैन समाज का सौभाग्य है कि आज यहां पर एक 200 वर्ष प्राचीन जिनमंदिर का नवनिर्माण होने जा रहा है। वहीं मंदिर भावनाओं, आस्था व श्रद्धा से बनता है।


**पानीपत।** प्राचीन जैन मंदिर का अवलोकन करते हुए मुनि श्री 108 निशचिंत सागर।

### पानीपत में विराजमान प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए

श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि 27 नवंबर को भव्य रूप से इस मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन श्री दिगंबर जैन पंचायत के द्वारा किया जाएगा। इधर, अधिवक्ता मेहुल जैन ने बताया की महाराज श्री का प्रवास पहली बार पानीपत को मिला है और मंगलवार को महाराज श्री ने पानीपत में विराजमान प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि मेन बाजार में स्थापित श्री दिगंबर जैन नेमिनाथ जिनालय जो कि लगभग 100 वर्ष से भी अधिक प्राचीन हैं भगवान नेमिनाथ को समर्पित है और साथ ही श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ढुंढीवालान लगभग ढाई सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन मंदिर है और इस मंदिर में 12वीं शताब्दी व 14वीं शताब्दी की भी प्रतिमाएं विराजमान हैं। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के सचिव मनोज जैन, उप प्रधान सुरेश जैन, कोषाध्यक्ष सुशील जैन, दिनेश जैन, मुकेश जैन, कुलदीप जैन, नरेंद्र जैन, विभोर जैन, मनोज जैन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे

---

### बाल भवन स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल भवन स्कूल में क्ले मॉडलिंग एवं हिन्दी लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न कक्षाओं के मध्य किया गया। कक्षा नर्सरी, एल.केजी, यू.केजी व प्रथम के बीच हिन्दी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका परिणाम इस प्रकार है कक्षा नर्सरी में भार्गव प्रथम, भूमेश द्वितीय तथा मुकुंद राणा तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी में प्रथम स्थान पर रियांश, दूसरे पर आदित्य और तीसरे पर पी. सेतुपती रहे। कक्षा यूकेजी, में रौनक पहले, तनवी दूसरे और हरसील तीसरे पर रहे। इसी क्रम में कक्षा प्रथम में सचिन प्रथम, देविका द्वितीय और कपिल तीसरे स्थान पर रहे।

**खबर संक्षेप**

### तस्करी करने वालों की खैर नहीं

**अंबाला।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को नशे की तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। उन्होंने बताया कि नशा युवा वर्ग को दीमक की तरह खा रहा है। युवा वर्ग अक्सर 16-30 वर्ष की आयु में नशे का शिकार होते हैं। नशे के चक्रव्यूह में फंस जाते है। बच्चे को जब तक घर से पैसे मिलते रहते हैं।

### व्याख्यान आयोजित किया गया

**अंबाला।** राजकीय पॉलिटेक्निक में उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान करवाया गया। संस्थान के सेवानिवृत्त प्राचार्य संजीव महंत मुख्य वक्ता रहे। अंतिम वर्ष के छात्रों ने भविष्य में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय उत्पादों का उपयोग करने का संकल्प लिया। मेजर जगजीत सिंह टीपीओ और हितेश अग्रवाल एटीपीओ ने विशेषज्ञ व्याख्यान में भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. अदीश बिंदल ने वोकल फॉर लोकल के बारे में जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

### रोलर स्केटिंग में जॉली ने जीता गोल्ड

**अंबाला।** पंचकूला में 39वीं हरियाणा स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 5 नवंबर से 8 नवंबर तक चली। जो हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई थी। इसमें अंबाला से भी कई खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें दित्या जोली भी मौजूद रहीं। इसमें दित्या जोली ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

### माइग्रेशन इंफॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने गत दिवस जिला एडीआर सेंटर में "जागरूक जाओ" कैम्पेन के तहत माइग्रेशन इंफॉर्मेशन एंड अवेयरनेस सेंटर का उद्घाटन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि यह केंद्र इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन जो कि संयुक्त राष्ट्र संस्थान का अंग है की सहायता से स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पहल प्रवासी श्रमिकों और विद्यार्थियों को सुरक्षित प्रवासन प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगी।

### जमीन की सौदेबाजी कर राशि हड़पे पांच केस

**जींद।** गांव हरीगढ़ में जमीन की सौदेबाजी कर राशि हडपने तथा रजिस्टरी कराने से मना करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है। रोहतक निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव हरीगढ़ निवासी शमशेर परिवार ने उसके साथ 26 कनाल 19 मरने जमीन का सौदा किया था।

## वार्ड 15 और वार्ड 20 में लगभग 85 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया

# विकास की नई उड़ान , शहर व गांवों को मिली 5.50 करोड़ की सौगात

### पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि ने सड़कों व नालियों की मरम्मत के साथ बुनियादी ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की नींव भी रखी

*योजना के तहत नडियाली गांव से नकटपुर- बांहपुर गांव तक 16.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर ही नहीं बल्कि अब ग्रामीण इलाकों में भी विकास की बयार बह रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से पूर्व मंत्री असीम गोयल लगातार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब अंबाला शहर के वार्ड 15 और वार्ड 20 में लगभग 85 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लिए भी बड़ी सौगात दी गई। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों को करीब 5.50 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाएं मिली हैं। इसके तहत नडियाली गांव से नकटपुर- बांहपुर गांव तक 16.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। गांव खैरा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में जनसुई मंडल अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता द्वारा नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से अंबाला शहर की प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में विकास की गति को और तेज किया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र में समान रूप से तरक्की हो सके।


अंबाला। पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि का अभिनंदन करते ग्रामीण।

### असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला में विकास कार्य को मिली नई दिशा

पूर्व मंत्री असीम गोयल के अथक प्रयासों से अंबाला शहर का विकास नए आयाम छू रहा है। शहर के वार्ड नंबर 15 और वार्ड नंबर 20 में करीब 85 लाख रुपये की लागत से शुरू होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ आज पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने किया। इस मौके पर स्थानीय पार्षदों, गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत और अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं से जुड़े कार्यों की नींव रखी गई। इस अवसर पर रितेश गोयल ने कहा कि पूर्व मंत्री असीम गोयल हमेशा से ही अंबाला शहर के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना असीम गोयल की प्राथमिकता रही है, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और किसी भी क्षेत्र की अनदेखी न हो। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में अंबाला शहर में और भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा, जिनसे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय निगम सदस्यों ने भी कहा कि असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर ने पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व विकास देखा है। इस दौरान स्थानीय निगम सदस्य प्रीति सूद,शोभा पुनिया,भाजपा नेता गुरजंट सिंह,महामंत्री अमरजीत सिंह सारंगपुर, रघुबीर सिंह नडियाली,यशपाल चौधरी,पाला राम,दलवीर सिंह,मनजीत सिंह व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### छह दिनों में हुई 50 से कम रजिस्ट्रियां

# तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री बनी मुसीबत

- लोग बोले रजिस्ट्री के लिए नए के साथ पुराने सिस्टम को भी अपनाए सरकार, रोज लोगों को खाने पड़ रहे हैं धक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तहसीलों में पेपरलेस प्रणाली से रजिस्ट्री का काम शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं। इन दिनों में जिला में ऑनलाइन माध्यम से 47 रजिस्ट्री ही हो सकी हैं। आम दिनों में एक दिन में जिले में लगभग 200 रजिसट्रियां होती थीं, अब यह आंकड़ा काफी घट गया है। रजिसट्रियों से मिलने वाले राजस्व में भी कमी देखने को मिल रही है। हालांकि कितना राजस्व घटा है इसका आधिकारिक आंकड़ा अब तक राजस्व विभाग ने जारी नहीं किया है। इस समस्या के कारण लोगों को रोजाना तहसीलों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पेपरलैस रजिस्ट्री के कार्य में अब तक तकनीकी खामी एक बड़ी वजह बना हुआ है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को जिले की तहसील और उप तहसीलों में आठ पेपरलैस रजिस्ट्री ही हो सकीं। इसमें से अंबाला कैंट, नारायणगढ़ व उप तहसील शहजादपुर में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी, क्योंकि पोर्टल धीमी गति से चल रहा था। इन दिक्कतों के कारण लोगों से लेकर कर्मचारी और अधिवक्ताओं तक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**यह आ रहीं दिक्कतें**

पेपरलेस रजिस्ट्री में ई-रजिस्ट्रेशन रेवेन्यू हरियाणा पोर्टल कभी धीमी गति से चल रहा तो कभी बंद हो रहा। ई-रजिस्ट्रेशन करते समय संपत्ति आइडी नंबर नहीं उठा रहा। जमाबंदी का पार्ट खाना कास्त को भरते समय दिक्कत आ रही। पोर्टल में दो मालिक एक साथ दो रजिस्ट्री नहीं कर पा रहे हैं। जमीन बिक्रेता की एक से ज्यादा रजिस्ट्री का विकल्प नहीं आ रहा।

**पोर्टल खराबी से लोगो को आ रही रुकावट**

रजिस्ट्री क्लर्क के पोर्टल पर अप्लाई दस्तावेज कई बार दिख नहीं रहे।अंबाला छावनी तहसील में सोमवार सुबह से आरसी-1 का पोर्टल नहीं चला। इस पोर्टल में जो दस्तावेज शुक्रवार को नजर आ रहे थे सोमवार को वह दिखे ही नहीं। इससे यह रजिस्ट्री नहीं हो सकीं। अंबाला शहर तहसील में तीन पेपर लैस रजिस्ट्री की गईं, जबकि पोर्टल में अपडेशन का कार्य चलता रहा। साहा उप तहसील में दोपहर बाद पोर्टल धीमी गति से चलता दिखा। यहां दिनभर में दो रजिस्ट्री ही हो सकीं। इसी प्रकार बराड़ा तहसील में पोर्टल रुक-रुक कर चलता रहा। यहां तीन पेपरलेस रजिस्ट्री हुईं। तहसील नारायणगढ़ व शहजादपुर उप तहसील में भी पोर्टल का यही हाल रहा। यहां पर कोई रजिस्ट्री नहीं हो सकी।


अंबाला। वंदे मातरम गीत गाते छात्र व शिक्षक।

### वंदे मातरम ने निभाई आजादी में अहम भूमिका

**अंबाला।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को डीएवी महाविद्यालय में 'वंदे मातरम @150' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरएस परमार ने विद्यार्थियों को वंदे मातरम के इतिहास और उसके राष्ट्रीय महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गीत ने राष्ट्रीय एकता बढ़ाने, मातृभूमि के प्रति प्रेम भाव जागृत करने और देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. राजीव राणा, डॉ. गरिमा सुमरान, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. खुशबू मल्होत्रा, अश्वनी, साहिल, नंदलाल, विजेंद्र, जसमेर, खुशहालचंद, रामकेवल व श्री दिनेश मौजूद रहे।

# वोट चोर—गद्दी चोर अभियान को लेकर कांग्रेस ने बिगुल फूंका

- 13 को मानव चौक पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा करेंगे कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोकतंत्र की मूल भावना और मतदाता के सम्मान की पुनर्स्थापना के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने 'वोट चोर—गद्दी चोर' अभियान के तहत अपने जिलास्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में अंबाला शहर के एपी. रेजिडेंसी में कांग्रेस नेताओं की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 13 नवंबर को मानव चौक पर होने वाले विशाल जनसभा कार्यक्रम की रणनीति तय की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद वरुण मुलाना व अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने की। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र की मर्यादा और जनता की आवाज़ के पुनरुद्धार के लिए कांग्रेस का जन-आंदोलन है। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जनादेश को अपमानित कर रहे हैं। जनता के वोटों से नहीं बल्कि सत्ता की सौदेबाज़ी से कुर्सियां हासिल कर रहे हैं। ऐसे में जनता के हक़ और अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस का यह अभियान एक ऐतिहासिक कदम होगा। विधायक निर्मल सिंह ने बताया कि 'वोट चोर—गद्दी चोर' अभियान के तहत अंबाला शहर के मानव चौक से 13 नवंबर सुबह 10 बजे इस आंदोलन का आग़ाज़ किया जाएगा।


अंबाला। मीटिंग के दौरान सांसद वरूण चौधरी व विधायक निर्मल सिंह व अन्य।

**भूपेंद्र हुड्डा व राव नरेंद्र सिंह करेंगे जनसभा को संबोधित**

आयोजित विशाल जनसभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संबोधित करेंगे। दोनों नेता प्रदेश की जनता के सामने मौजूदा सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई और प्रशासनिक अकर्मण्यता पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे। जनसभा के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपेगा जिसमें सरकार की जनविरोधी नीतियों,किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी की मार,शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में गिरते स्तर, तथा नागरिक सुविधाओं की अव्यवस्था पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। सिंह ने कहा कि जिस तरह आज सत्ता की कुर्सी पर बैठे लोग जनादेश की पवित्रता को नकार रहे हैं, यह देश के लोकतांत्रिक इतिहास के लिए एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर की सुबह 10 बजे मानव चौक से जनता एक नए संकल्प के साथ उठेगी—यह संकल्प जनमत के अपमान का प्रतिकार और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक जनसभा को सफल बनाएं और अपने संकल्प को जनशक्ति में परिवर्तित करें। इस बैठक में जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल डिंपी,परमिंदर सिंह,दुष्यंत चौहान,पूर्व विधायक जसबीर मलौर,हिम्मत सिंह, अमीषा चावला,देवेंद्र बजाज, रोहित शर्मा विशु, विनोद धीमान, लक्ष्मी देवी, निगम सदस्य राजिंदर कौर, विजेंदर गुज्जर सोमा, हरमन हैरी, हरजीत सिंह बब्बल, नरेश कुमार, सुरजीत सिंह पंजोखरा, जग्गा खैरा, अतुल महाजन,कमल बाछल, संजू शर्मा और नवीन गुप्ता सहित अनेक नेताओं ने भाग लिया।

# विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं व वाणी की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं वक्तव्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु जी के जीवन, शिक्षाओं और बलिदान पर भावपूर्ण विचार प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर न केवल सिख धर्म के नवें गुरु थे बल्कि वे मानवता, सत्य और धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक भी थे। उन्होंने निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों का बलिदान देकर हिंदुस्तान की आत्मा की रक्षा की।


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी।

**गुरु तेग बहादुर के जीवन से लें प्रेरणा**

मुख्य वक्ता अमरजीत कौर, विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) ने अपने वक्तव्य में गुरु तेग बहादुर के जीवन और शहादत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका बलिदान भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का अमर उदाहरण है जिसमें सत्य और धर्म की रक्षा के लिए जीवन की आहुति दी जाती है। उन्होंने गुरु जी की वाणी और शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रो. कमलजीत कौर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सत्य, निष्ठा, साहस और सेवा का उज्ज्वल प्रतीक हैं।

### गलत खानपान और अनियमित जीवनशैली से एनीमिया की समस्या बढ़ी

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के स्वस्थवृत्त विभाग की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय, रतगल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली, योग और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. सीमा रानी ने बताया कि स्वस्थ दिनचर्या और सही लाइफस्टाइल अपनाने से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन सुबह योग करने, संतुलित आहार लेने और फास्ट फूड से पूरी तरह बचने की सलाह दी। कहा कि गलत खानपान और अनियमित जीवनशैली के कारण किशोरियों में रक्त की कमी (एनीमिया) की समस्या बढ़ती जा रही है।

# युवा संसद में कानून निर्माण पर विस्तार से हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा करते हुए अपनी राजनीतिक समझ और अभिव्यक्ति क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। युवा सांसदों ने काम रोको प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा कानून निर्माण प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक दिनेश चंद्र के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक राम सिंह ने सहयोगी भूमिका निभाई।


बराड़ा। युवा संसद का आयोजन करते हुए स्कूली बच्चे।

**छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की**

निर्णायक मंडल में आशीष कुमार, अमन कुमार, रितु कौशल, अमी सिंह, डाइट मोहड़ा से विकास तथा राजेश शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने की। उप प्रधानाचार्या रीना रानी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रिंसिपल मंजू बाला ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### 406 विद्यार्थियों ने साइकिल पसंद की

**अंबाला।** पुलिस लाइन के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में शिक्षा विभाग की ओर से भव्य जिला स्तरीय साइकिल मेला आयोजित किया गया। मेले में जिले के सभी खंडों के राजकीय स्कूलों से कक्षा छठी के विद्यार्थी पहुंचे और उत्साहपूर्वक अपनी मनपसंद साइकिल का चुनाव किया। मेले में तय किए गए निर्धारित रेट से अधिक कीमत वाली साइकिलों की भी भरमार देखने को मिली। कुल मिलाकर जिले के 406 विद्यार्थियों ने मेले में अपनी पसंदीदा साइकिल चुनी। निदेशालय की ओर से साइकिल बजट कोषागार के माध्यम से सीधे वेंडर के खाते में भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया, साथ ही शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया कि सभी विद्यार्थियों को उनके चयन के अनुसार साइकिल मिलें।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एंबुलेंस कर्मियों की सेवा में हो सुधार की उठाई गई मांगें

# देशभर के स्वास्थ्य संविदा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रखी मांगें

- केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने लंबित मांगों का पत्र भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अखिल भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री दिनेश कुमार कौशिक के नेतृत्व में अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ के प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के श्रम मंत्रालय में संपन्न हुई। भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय उपमहामंत्री एवं स्कीम प्रभारी सुरेंद्र पांडेय , संगठन मंत्री बी. सुरेंद्रन , महामंत्री दिनेश कौशिक द्वारा विस्तृत मांगों के बारे में मंत्री को अवगत करवाते हुए मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान उनके साथ में मंत्री योगेश कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे। इस दौरान महासंघ द्वारा देशभर के स्वास्थ्य संविदा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,एंबुलेंस कर्मियों की सेवा शर्तों में सुधार और समान अधिकारों के लिए प्रमुख मांगों को श्रम मंत्री के समक्ष विस्तार से रखा गया।


अंबाला। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करते भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी।

**स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर सकारात्मक पहल**

महासंघ ने कहा 7वें वेतन आयोग के अनुसार18,000 न्यूनतम मूल वेतन, महंगाई भत्ता व वार्षिक वेतनवृद्धि की व्यवस्था, ग्रेच्यूटी, पेंशन, पीएफ एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ, वेतन का प्रत्यक्ष भुगतान एवं आउटसोर्सिंग की समाप्ति, दीर्घकालिक सेवा पर लॉयल्टी बोनस, सेवानिवृत्ति पर 20 लाख की एकमुश्त राशि तथा सेवा आयु 65 वर्ष किए जाने मांग प्रमुखता से रखी। इसके साथ ही कुछ कर्मचारियों को सेवा से निष्कासन किया गया जैसे मामलों में विभागीय , जिला प्रदेश में स्वास्थ्य कमेटी गठित कर यूनियन प्रतिनिधियों की भागीदारी उपरांत निष्पक्ष जांच में निर्दोष कर्मचारियों की बहाली बीमा व चिकित्सा भत्ता, वन नेशन वन हेल्थ वन ह्यूमन रिसोर्स पोलिसी का क्रियान्वयन और डीए, टीए, बोनस, अवकाश, अन्य जिलों में स्थानांतरण नीति, तथा सरकारी भर्तियों में आयु छूट रेगुलर नियुक्तियों में बिना शर्त मध्यप्रदेश की तर्ज पर पचास प्रतिशत कार्यरत कर्मचारियों का समायोजन जैसी सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी गई। कौशिक ने यह भी रेखांकित किया कि देशभर में स्वास्थ्य एवं एनएचएम, एम्बुलेंस संविदा कर्मी सीमित संसाधनों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान इनकी भूमिका अभूतपूर्व रही है। श्रम मंत्री ने न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विभागीय विषयों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को अग्रेषित किया जाएगा और निकट भविष्य में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें इन मांगों पर गहराई से चर्चा कर जायज मांगों को लागू किया जाएगा। महासंघ ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संवाद देशभर के स्वास्थ्य एवं एनएचएम, एंबुलेंस कर्मियों के लिए एक सकारात्मक शुरुआत है। यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाता है तो इससे कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के लक्ष्यों की प्राप्ति में गति आएगी।